<u>प्रकाशनार्थ</u>

आनन्द इंजीनियरिंग कालेज में चल रहा एन0सी0सी0 का एडवांस लीडरशिप प्रशिक्षण शिविर

आगरा। शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आगरा स्थित आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल कैम्पस कीथम आगरा में आयोजित 12 दिवसीय ए0एल0सी0 प्रशिक्षण शिविर (एडवांस लीडरशिप कैम्प फॉर एस0एस0बी0) का आयोजन हो रहा है। आनन्द कालेज में इस तरह का यह दूसरा कैम्प आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक कैडेट्स ने भाग लिया है, जिसमें मुख्यतः दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, तमिलनाडू व मध्य प्रदेश के कैडेट्स के साथ–साथ आनन्द इंजीनियरिंग कालेज के कैडेट्स भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आनन्द कालेज के एन0सी0सी0 प्रभारी कैप्टन डा0 रामपाल सिंह ने बताया कि यह शिविर 4 जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा, इस 12 दिवसीय शिविर के दौरान दी जा रही ट्रेनिंग की विस्तृत जानकारी दी एवं बताया कि इस शिविर में एन0एन0सी0 कैडेट्स को भारतीय सेना में चयन हेतु विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य रूप से एस0एस0बी0 परीक्षा के दौरान होने वाली शारीरिक एवं लिखित परीक्षा हेतु कैडेट्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। चयनित कैडेट्स को साक्षात्कार हेतु तैयार किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में आगरा ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर संजय सागवान, कर्नल बी. विजय कुमार, निदेशक ए0आर0ओ0, आगरा, कर्नल अम्बरीश मल्होत्रा, कैप्टन कमाण्डेन्ट कर्नल अनिल कुमार वर्मा, लैफ्टीनेन्ट कर्नल वंदना, कर्नल ए0के0 सिंह, मनोवैज्ञानिक डा0 एस0के0 शर्मा व डा0 अमिता त्रिपाठी आदि एन.सी.सी. एवं एस0एस0बी0 के अधिकारियों द्वारा कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आनन्द कालेज के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने एन0सी0सी0 ग्रुप एवं एस.एस.बी. से पधारे अधिकारियों को धन्यवाद दिया एवं कहा कि सात राज्यों के विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे एनसीसी कैडेट्स इस ट्रेनिग का लाभ उठाते हुये निश्चित ही संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा मे चयनित होकर सेना में अफसर बनेंगे। शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महता ने एनसीसी अधिकारियों को कालेज में यह शिविर आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया।